हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 जनवरी 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

11 सड़क दुर्घटना रोकने के लिए गंभीरता से काम करने की ...



12 शास्त्रीय संगीत, नृत्य और वादन की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को ...



## खबर संक्षेप

### लोहरसी में मड़ई 3 को

**धमतरी।** ग्राम लोहरसी में ग्रामवासियों के सहयोग से तीन जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। मनोरंजन के लिए रात्रि में मोर मयारू बेटा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भाठागांव बालोद का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी गिरधर साहू ने दी है।

### भखारा में शाकंभरी जयंती 3 को

**अंवरी।** ग्राम भखारा में 3 जनवरी को पटेल समाज की कुलदेवी मां शाकंभरी जयंती एवं छेरछारा दान पुण्य महोत्सव का आयोजन पटेल समाज द्वारा किया गया है। यह जानकारी यशवंत पटेल ने दी।

### राजपुर में मड़ई मेला 5 को

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों के सहयोग से 5 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा मरोदा दुर्ग की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष देवनारायण साहू, सचिव गुहलेद कंवर, कोषाध्यक्ष मनराखन निषाद, सोमनाथ यादव, उमेश सिन्हा जुटे हुए हैं।

### छाती में मड़ई 25 को होगी

**पुरी।** सर्व समाज के सहयोग से छाती में मड़ई का आयोजन 25 जनवरी को रखा गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए होच्चेटोला अंबागढ़ चौकी जिला राजनांदगांव का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी रामकुमार साहू ने दी।

### सिंचाई विभाग के कर्मचारियों का आंदोलन 5 को

**धमतरी।** सिंचाई विभाग के डाटा एंट्री आपरेटर और वाहन चालक 5 जनवरी को छुट्टी लेकर आंदोलन करेंगे। छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग कर्मचारी कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष शिब्बू कुमार साहू, महामंत्री नितेश कुमार साहू ने बताया कि छुट्टी के लिए उन्होंने बांध मंडल रूद्री के अधीक्षण अभियंता, जल प्रबंध संभाग रूद्री, बांध संभाग 2, जल संसाधन संभाग धमतरी, विद्युत यांत्रिकीय भारी सयंत्र संभाग रूद्री के कार्यपाल अभियंताओं को आवेदन दिया है।

### कुकरेल में 5 को मड़ई

**कुकरेल(धमतरी)।** इस वर्ष भी ग्राम कुकरेल में ग्रामवासियों के सहयोग से 5 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए ज्ञान के पूजा छत्तीसगढ़ी लोक संगीत नाचा पार्टी ग्राम मुरमाड़ी पोस्ट ककोड़ी जिला गोंदिया महाराष्ट्र का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम प्रमुख शंकरलाल सेन, श्यामलाल कोर्राम, थानुराम पटेल, देवचरण सिन्हा, गिरधारी सिन्हा, प्रवीण साहू ने दी है।

### सोरिद बस्ती में 11 को हिंदू सम्मेलन

**धमतरी।** नगर की सोरिद बस्ती में 11 जनवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है । आयोजन का उद्देश्य सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता और राष्ट्रबोध को सशक्त करना है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि परमानंद गिरि महाराज संरक्षक अखिल भारतीय धर्म प्रसार समिति व मुख्य वक्ता सुबोध राठी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति होंगे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती श्यामा देवी साहू जिलाध्यक्ष राजमानस संघ धमतरी एवं महेश रोहरा जिलाध्यक्ष सर्व हिन्दू समाज होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 11 बजे दुर्गा मंदिर प्रांगण से कलशयात्रा के साथ होगी। दोपहर 2 बजे से मंचीय कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के पश्चात भारत माता की आरती, भजन-संकीर्तन एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। यह आयोजन सकल हिन्दू समाज सोरिद बस्ती धमतरी नगर द्वारा किया जा रहा है।

## भगवान के दरबार में माथा टेककर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की, पार्क व पर्यटन स्थलों पर उमड़ी भीड़

# श्रद्धा और उत्साह के साथ नववर्ष 2026 का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नववर्ष 2026 की पहली सुबह धमतरी में आस्था और उल्लास से सराबोर नजर आई। 1 जनवरी को सुबह से ही शहर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने भगवान के दरबार में माथा टेककर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की, वहीं इसके बाद परिवार संग पार्क, गार्डन, बांध और पर्यटन स्थलों का रुख कर नए साल का जश्न मनाया।

सुबह से ही शहर की आराध्य देवी मां विंध्यवासिनी मंदिर में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। शहरवासियों के साथ-साथ गंगरेल घूमने आए बाहरी पर्यटक भी मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। सुबह के समय हल्की भीड़ रही, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया,



वैसे-वैसे दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ती चली गई।

मंदिर दर्शन के बाद बड़ी संख्या में लोग गंगरेल बांध, शहर के गार्डन, पार्क एवं अन्य पर्यटन स्थलों की ओर जाते दिखाई दिए। परिवारों के साथ पहुंचे बच्चों की चहल-पहल से माहौल और भी आनंदमय हो गया। लोग एक-दूसरे से मिलकर नववर्ष की शुभकामनाएं देते नजर आए।

नववर्ष को यादगार बनाने के लिए लोगों ने इसे अलग-अलग तरीकों से मनाया। कुछ परिवारों ने पर्यटन स्थलों पर पिकनिक और मौज-मस्ती कर साल की शुरुआत की, तो वहीं कई लोगों ने घरों में पूजा-पाठ कर नए



कैलेंडर वर्ष का स्वागत किया। श्रद्धालुओं का कहना है कि वर्ष के प्रथम दिन देवी-देवताओं की पूजा करने से पूरा साल मंगलमय और सफल रहता है। यही भावना लेकर लोग मंदिरों में पहुंचे और अपने क्षेत्र, परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

### पर्यटन क्षेत्र में जगह-जगह पिकनिक पार्टी

गंगरेल पर्यटन क्षेत्र में मां अंगारमोती से डांगीमाचा मार्ग पर लोग जगह-जगह पिकनिक पार्टी मनाते नजर आए। कहीं-कहीं पर साउंड सिस्टम के साथ युवा वर्ग खाना पकाते और पिकनिक मनाते नजर आए। वहीं विभिन्न शहरों से अपने निजी वाहनों में पहुंचे लोगों ने सपरिवार इंज्वाय किया।

### मां अंगारमोती मंदिर में दर्शन के लिए कतारें लगी

नव वर्ष के पहले दिन की शुरूआत हजारों लोगों ने गंगरेल के धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन के साथ शुरू की। गंगरेल रिसोर्ट में थर्टी फर्स्ट का जश्न धूमधाम से मनाने के बाद गुरूवार सुबह से गंगरेल पर्यटन के लिए लोगों का आगमन शुरू हो गया। मां अंगारमोती के पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि नए साल का प्रारंभ हजारों पर्यटकों ने मां अंगारमोती से आशीर्वाद के साथ किया। सुबह से माता दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लग गई। श्रद्धालु सुख, शांति और समृद्धि की कामना को लेकर माता की पूजा-अर्चना की। यह सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।

### थर्टी फर्स्ट पर रिसोर्ट हाउसफुल रहे

बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के मैनेजर सुमन्त कुमार ने बताया कि थर्टी फर्स्ट पर रिसोर्ट हाउसफुल थे। रात 8 बजे से रात 12:30 बजे तक नये साल के स्वागत और 2025 की विदाई में पर्यटकों ने खूब जश्न मनाया। प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा अन्य प्रदेश के सैलानियों ने परिवार सहित नये साल का उत्साह मनाया। वाटर स्पोर्ट्स के प्रभारी असकंध सिंह ने बताया कि सुबह से सैलानियों का गंगरेल पर्यटन पहुंचना शुरू हो गया था। दोपहर बाद पर्यटन स्थल सैलानियों से खचाखच हो गया। वाटर स्पोर्टस के लिए लंबी लाइन लगी रही। जिला पर्यटन की ओर से सिंगिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह 4 जनवरी तक रहेगा।

# एसपी ने जागरुकता रथ को दिखाई हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ सड़क सुरक्षा माह 2026 का हुआ आगाज

जिले में सड़क सुरक्षा माह 2026 की शुरूआत हो गई है। यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने एसपी ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यातायात जनजागरूकता रथ अभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने नववर्ष पर जिला पुलिस कार्यालय के सामने जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर भ्रमण के लिए रवाना किया। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा माह 2026 की औपचारिक शुरूआत हो गई है। विशेष रथ महीने भर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कर सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगा।

सड़क सुरक्षा माह के दौरान पूरे महीने भर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण शिवारि, स्कूल-कालेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम व सड़क सुरक्षा से संबंधित चित्रकला, सुलेखन एवं जागरूकता प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जनजागरूकता रथ अभियान आम नागरिकों तक सड़क सुरक्षा के महत्व को पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम सिद्ध होगा। यह विशेष रथ जिले के प्रमुख बाजारों, चौक-चौराहों एवं ग्रामीण-शहरी क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न माध्यमों से जागरूकता संबंधित संदेश प्रसारित करेगा।

इस दौरान एसपी श्री परिहार ने वाहन चालकों, छात्र-छात्राओं, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की है। इस दौरान लोगों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन का संकल्प भी दिलाया गया।

## पश्चिमी विक्षोभ का पड़ेगा प्रभाव

■ तापमान में उतार-चढ़ाव हल्की बारिश की संभावना

**धमतरी।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से अति हल्की वर्षा हो सकती है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और इससे सटे पंजाब के ऊपर समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर उपरी हवा के चक्रवाती सर्कुलेशन के रूप में मौजूद है जिसके साथ मध्य और उपरी ट्रोपोस्फेटिक स्तर पर एक ट्रफ है जिसका अक्ष औसतन समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर है। यह देशांतर 71 अंश ईस्ट के साथ अक्षांश 27 अंश नार्थ के उत्तर में बना हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से दोनों तक न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के बाद तीन दिनों में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक गिरावट होने की संभावना है। मौसम विभाग ने प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा तथा एक दो पॉकेट में घना कोहरा बनने की संभावना जताई है।

### क्या है पश्चिमी विक्षोभ

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ ऐसा तूफान है जो कैस्पियन या भू-मध्य सागर में उत्पन्न होता है। यह उत्तर -पश्चिम भाग में गैर मानसूनी वर्षा के लिए जिम्मेदार है। यह विक्षोभ अत्यधिक ऊंचाई पर पूर्व की ओर चलने वाली वेस्टरली जेट धाराओं के साथ यात्रा करता है। यह ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से होते हुए भारतीय उपमहाद्वीप में प्रवेश करता है।

# वर्ष के अंतिम दिन भीषण सड़क हादसे, दो की मौत

**धमतरी।** वर्ष 2025 की 31 दिसम्बर को दो अलग-अलग स्थानों पर भीषण सड़क हादसे हुए। इस सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय मोटर स्टैण्ड वार्ड धमतरी निवासी हिमांचल गौतम पिता फणेन्द्र उम्र 20 वर्ष 31 दिसम्बर की रात्रि अपने साथी हंसराज मेश्राम के साथ उसी की मोटरसाइकिल में दूसरे साथी यश सोनी को लेकर बस स्टैण्ड की तरफ गए थे। मोटरसाइकिल में तीनों सवार थे। मोटरसाइकिल को हिमांचल चला रहा था। तीनों बस स्टैण्ड से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान सदर मार्ग में मठ मंदिर चौक के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। घटना में हिमांचल को गंभीर चोट लगी थी। वहीं उसके दोनों साथी मामूली रूप से घायल हुए थे। हादसे के बाद मनीष मेश्राम ने मोटर साइकिल से घायल हिमांचल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने जांच के बाद हिमांचल को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतक हिमांचल गौतम को प्रशासन द्वारा जिलाबदर किया गया था। मंगलवार को ही मृतक जेल से लौटा था।





■ सदर मार्ग व अमलीडीह की घटना

साल के अंतिम दिन दूसरी भीषण सड़क दुर्घटना अमलीडीह के पास हुई है। आनंदपारा रूद्री निवासी धर्मेन्द्र साहू पिता रूपसिंह उम्र 40 वर्ष बैंक आफ बड़ौदा धमतरी में लोन रिकवरी एजेन्ट का काम करता था। युवक 31 दिसम्बर को लोन रिकवरी करने ग्रामीण क्षेत्र की तरफ गया था। फील्ड करने के बाद युवक शाम को मोटर साइकिल से वापस घर रूद्री लौट रहा था। इसी दौरान सनौद थाना क्षेत्र के ग्राम अमलीडीह के पास तेज रफ्तार ट्रेक्टर के चालक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। घटना इतनी भीषण थी कि मोटर साइकिल सवार युवक का दायां पैर कटकर अलग हो गया। घायल युवक को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने गुरूवार को पंचनामा की कार्रवाई कर शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# संबलपुर में अंडरपास और नाली निर्माण की जरूरत

■ रेलवे ट्रैक बिछाने से आवागमन तथा बरसाती पानी निकासी की होगी गंभीर समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रायपुर-धमतरी बड़ी रेल के लिए पटरी बिछाने का कार्य प्रगति पर है। नये रेलवे ट्रैक से ग्राम संबलपुर में आवागमन बाधित होने तथा बरसाती पानी निकासी की समस्या सामने आ रही है। सोमवार को संबलपुर के ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर अंडरपास तथा नाली निर्माण कराने की मांग की है।

ग्राम संबलपुर के ग्रामीण युवराज साहू, बसंत सोरी, पुरूषोत्तम, तेजराम, रामरतन गौतम,



नीरज नेताम आदि ने बताया कि बताया कि ग्राम संबलपुर में बड़ी रेल लाइन का कार्य प्रगति पर है। विगत कई वर्षों से ग्राम पंचायत संबलपुर के वार्ड क्रमांक 14, 15, 16, 17, 18 का निस्तारी एवं बरसाती पानी रेलवे के किनारे से निकलता था। वर्तमान में रेललाइन का चौड़ीकरण होने से दोनों तरफ के पानी निकासी का रास्ता बंद हो गया है और गांवों के घरों में पानी घुसने की समस्या उत्पन्न हो गई है। समस्या के निराकरण के लिए रेललाइन के दोनों तरफ नाली निर्माण की आवश्यकता है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली निर्माण नहीं होने पर बरसात के दिनों में गंभीर समस्या उत्पन्न होगी। ग्रामीणों ने शीघ्र पानी निकासी नाली निर्माण कराने की मांग की है।

ग्रामीण जयंत्री मंडावी, दुर्गा नेताम, फूलिता, भाग्यवती नेताम, जयंती सोनी आदि ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि ग्राम संबलपुर स्थित वार्ड क्रमांक 18 में आवागमन के लिए अंडरपास निर्माण के लिए पूर्व में भी मांग की गई है। रेलवे और नहर के बीच लगभग 350 एकड़ कृषि भूमि है। गौठान, आंगनबाड़ी, कृषि कार्य के लिए लोगों का आवागमन रहता है। रेलवे लाइन बनने से लोगों को ट्रैक के ऊपर चलने की मजबूरी होगी जिससे घटना दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी। ग्रामीणों ने वार्ड क्रमांक 18 में रेलवे अंडरपास निर्माण की मांग कलेक्टर से की है।

# सहायक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने की मांग

■ युकांइयों ने दो माह के भीतर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिला युवा कांग्रेस ने उच्च न्यायालय के आदेशानुसार सहायक शिक्षक के रिक्त 2300 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग कलेक्टर से की है। मंगलवार को युवा कांग्रेस के कुलेश्वर देवांगन, विजेंद्र, अविनाश रंगारे, राकेश मौर्य, तोमेश साहू, योगेश्वर आदि ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में युकांईयों ने कहा है कि उच्च न्यायालय ने 26 नवंबर को पारित आदेश में कहा है कि शिक्षक भर्ती 2023 के सहायक शिक्षकों के



रिक्त पद पर नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र करें। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया है कि संपूर्ण नियुक्ति प्रक्रिया दो माह के भीतर पूर्ण की जाए। युकांईयों ने कहा है कि सरकारी नौकरी करने प्रत्येक बेरोजगार अभ्यर्थी का सपना होता है। यह पद उनके भविष्य और सामाजिक प्रतिष्ठा से जुड़ा रहता है। कई अभ्यर्थियों की आयु सीमा लगभग समाप्ति की ओर है जिसके कारण भर्ती के लिए यह उनका अंतिम अवसर है। सभी अभ्यर्थी योग्य होने के बावजूद दो साल से नियुक्ति से वंचित हैं। अपने अधिकारों के लिए कठिन संघर्ष किया। आर्थिक तंगी के बावजूद उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की। न्यायालय ने उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए पक्ष में निर्णय दिया है। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का पालन करते हुए शिक्षक भर्ती 2023 के सहायक शिक्षक के सभी 2300 रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया 1:3 के अनुपात में प्रारंभ करने की मांग की है।

## खरीदी के लिए 21 दिन शेष, 28 हजार क्विंटल धान खरीदने की चुनौती

# फिर खुला रकबा संशोधन के लिए पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

एक बार फिर धान खरीदी पंजीयन के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। यह पोर्टल 7 जनवरी तक खुला रहेगा। कई किसानों का संशोधन, केरी फारवर्ड रूका हुआ है। वह इन 7 दिनों में किया जाएगा। उधर धान खरीदी को मात्र 21 दिन ही शेष है। इन दिनों में 28 हजार क्विंटल धान खरीदने की चुनौती है।

जानकारी के अनुसार अब तक 1 लाख 29 हजार से ज्यादा किसानों का पंजीयन हो चुका है। इसके बाद भी बड़ी संख्या में किसानों की शिकायत है कि उनका पंजीयन नहीं हुआ है, पंजीयन हुआ भी है लेकिन संशोधन किया गया रकबा नहीं जुड़ा है। अब पोर्टल खुलने के बाद इन किसानों को राहत मिलेगी। एक सप्ताह में इन किसानों की सभी समस्याओं को दूर किया जाएगा। इसके बाद पोर्टल के और खुलने की उम्मीद नहीं है। उल्लेखनीय है कि यह पहला अवसर है, जब धान खरीदी के साथ पंजीयन की प्रक्रिया भी चल रही है। इस बार पोर्टल में कई प्रकार की परेशानियां आईं। जल संसाधन, राजस्व, वन भूमि सभी के लिए अलग साफ्टवेयर था, जिसके चलते पंजीयन में कई प्रकार की दिक्कतें आईं।



### इस साल 65 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य

शनिवार, रविवार और गणतंत्र दिवस की छुट्टी छोड़ दी जाए तो धान खरीदी में मात्र 21 दिन शेष हैं। उधर खरीदी के लिए इस साल 65 लाख क्विंटल धान का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 36 लाख 75 हजार 701 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। बाकी के 28 लाख क्विंटल से ज्यादा धान को इन 21 दिनों में खरीदना होगा। अब तक 75 हजार 827 किसानों ने धान बेचा है। बाकी किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

### कई किसानों का रकबा शून्य

केकराखोली के किसान सुकलाल पोटाई, महासिंग गोटा, प्रेमलाल, बिमलेश, कुमार राम, राकेश सहित अन्य कई किसानों ने बताया कि वे सिंगपुर धान खरीदी केंद्र में धान बेचते हैं। धान खरीदी के पोर्टल में उनका रकबा शून्य बता रहा है, जिसके चलते वे धान नहीं बेच पाए हैं। उन्होंने बताया कि सोसाइटी से उन्होंने खाद, बीज और नगद ऋण लिया है। धान नहीं बिकने से ऋण नहीं पटा पा रहे हैं। वहीं आर्थिक दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। कलेक्टर को आवेदन देते हुए उन्होंने पंजीयन के लिए रकबा जोड़ने की मांग की है।

VIDHYA KUNJ SCHOOL
WALK IN INTERVIEW
WE ARE HIRING
PRT TEACHER
SALARY- 12000/- onwards
Requirements :-
Graduate / Post Graduate
Strong command in MATHS and ENGLISH
DATE : 04/01/2026, SUNDAY
TIME - 10:30 am to 02:30
VENUE
VIDHYA KUNJ KIDS
ATHWANI GALI, DHAMTARI
For queries (WhatsApp) 89625-63393

## खबर संक्षेप



### डाभा में मानसगान का समापन आज

**मगरलोड।** ग्राम डाभा में श्री राघवेन्द्र राग रसिया संगम महानदी व ग्रामवासियों के सहयोग से मानसगान सम्मेलन का आयोजन 31 दिसम्बर से 2 जनवरी तक किया गया है। प्रथम दिवस 31 दिसम्बर बुधवार को वीर कचना धुरवा व नव उत्थान युवा मंडली डाभा पश्चात गुरूदेव संकीर्तन मानस परिवार हरदी छुरा की प्रस्तुति हुई। द्वितीय दिवस 1 जनवरी गुरूवार को गीतेश्वर मानस परिवार गिरौद, रुद्रेश्वर मानस परिवार बेलरगांव नगरी, खुशबू मानस परिवार खुर्सीपार बागबाहरा महासमुंद तथा रात्रि 7.30 बजे कवि सम्मेलन हुआ। तृतीय दिवस 2 जनवरी को श्रीराम मानस परिवार नागाबुड़ा गरियाबंद, सरगम महिला मानस परिवार भैंसमुंडी, स्वरांजलि मानस परिवार खुरसुल बालोद, उगता सूरज मानस परिवार पंडरीपानी गरियाबंद, पीपर के छईया मानस परिवार परसदा चारामा कांकेर मंडली भगवान श्री राम का महिमा का गुणगान करेंगे। इस आयोजन में कीर्तन साहू, द्वारिका प्रसाद निषाद, छन्नूलाल विश्वकर्मा, रूपेश चक्रधारी, किशोर निषाद, करण निषाद, दोशन लाल सिन्हा समेत ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### अटंग में मड़ई आज कल

**सिर्री।** ग्राम अटंग के सतनाम दरबार अमृतपुर में 2 और 3 जनवरी को दो दिवसीय मड़ई का आयोजन किया गया हैं। 3 जनवरी को दोपहर 12 बजे से झन भूलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोखा (मड़ाईभाठा) का कार्यक्रम रखा गया है।

### भुसरेंगा में मड़ई 3 को

**बगदेही(धमतरी)।** ग्राम भुसरेंगा में छेरछेरा पूर्णिमा पर्व पर ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोककला मंच अभनपुर के चिन्हा की प्रस्तुति रहेगी। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के

## निधन

### श्रीमती रामबाई साहू

**धमतरी।** ग्राम बिरेतरा निवासी श्रीमती रामबाई साहू पति स्व. दुबेराम साहू 85 वर्ष का निधन हो



गया। वह ईश्वरीदयाल साहू सेवानिवृत्त शिक्षक एवं नरेंद्र कुमार साहू की माताजी थीं। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। निधन पर कर्मचारी साख समिति धमतरी के कृपाशंकर मिश्रा, होलाराम परिहा, अरुण गौर, चंदूलाल चंद्राकर एवं घनश्याम सिंह साहू ने शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### केसरिया राम गजेंद्र

**धमतरी।** विवेकानंद वार्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी केसरिया राम



गजेंद्र 81 वर्ष का गुरुवार सुबह निधन हो गया। वे संतोष गजेंद्र के पिता एवं टीआर सिन्हा व देवनारायण सिन्हा के मामा एवं सुरेंद्र सिन्हा के नाना थे। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में कॉलोनी वासी एवं स्वजातीय बंधु शामिल हुए।

### तीजिया बाई सोनगेर

**मगरलोड।** ग्राम मोहंदी निवासी तीजिया बाई सोनगेर का 28 दिसंबर रविवार को निधन हो गया। वे गोविन्द राम की माता थीं। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

---

नेत्रदान से दो लोगों को मिलेगी नई रोशनी

# अंजलि साहेब ने जिले का 57वां नेत्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

मानव सेवा की मिसाल पेश करते हुए ग्राम नवागांव (कचना) स्थित श्री कबीर आश्रम निवासी स्व. अंजलि साहेब (उम्र 83 वर्ष) के मृत्यु उपरांत नेत्रदान की प्रेरणादायक घटना सामने आई है। स्व. अंजलि साहेब ने अपने जीवनकाल में ही नेत्रदान की घोषणा कर दी थी। 31 दिसंबर को उनके आकस्मिक निधन के बाद परिजनों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए नेत्रदान हेतु स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी।





जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक, जिला नोडल अधिकारी (अंधत्व) डॉ. राजेश सूर्यवंशी एवं सहायक जिला नोडल अधिकारी डॉ. गुरुशरण साहू के निर्देशानुसार तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमराज देवांगन व ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. क्षितिज साहू के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल कुरुद की टीम तत्काल ग्राम नवागांव पहुंची। शाम 5 बजे नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण कर दान की गई। आंखों को सुरक्षित रूप से रायपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

इस दौरान कुरुद ब्लॉक नेत्रदान अधिकारी डॉ. लोमेश कुर्रे, सहायक जिला नोडल अधिकारी डॉ. गुरुशरण साहू, वरिष्ठ नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी डॉ. चीतेश साहू, डॉ. दुलेश ध्रुव, सेकेट्रीयल असिस्टेंट टोमेश्वर भंडारी सहित कबीर आश्रम से देवेंद्र साहेब, समीक्षा साहेब व ग्रामवासी उपस्थित थे।

डॉ. राजेश सूर्यवंशी ने बताया कि यह जिले का 57वां नेत्रदान है। उन्होंने कहा कि नेत्रदान एक महान पुण्य कार्य है, जिससे दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को नई दृष्टि मिलती है। उन्होंने आमजन से अपील की कि मृत्यु उपरांत नेत्रदान हेतु आगे आएं और समाज में जागरूकता फैलाएं।

# नववर्ष पर समाजसेवी जितेंद्र ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

नववर्ष का स्वागत अगर किसी जरूरतमंद को जीवनदान देकर किया जाए तो उससे बड़ा उत्सव नहीं हो सकता। देशभर में नए साल की धूम रही। लोगों ने अलग-अलग तरीके से नए साल के पहले दिन को यादगार बनाने की कोशिश की। किसी ने परिवार के साथ वक्त बिताया है तो किसी ने दोस्तों के साथ नव वर्ष मनाया। किंतु जिला स्कॉट्स गाइड धमतरी के उपाध्यक्ष एवं तहसील साहू संघ मगरलोड के संगठन सचिव जितेंद्र कुमार साहू खिसोरा ने 19वीं बार रक्तदान कर



नए साल की शुरुआत की है। उन्होंने पाण्डुका निवासी तुषार साहू को रक्तदान किया। जितेंद्र ने कहा कि सच्चा जश्न वही है, जिसमें मानवता और संवेदना शामिल हो।

# 49 गर्भवती महिलाओं का हुआ पुंसवन संस्कार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

ग्राम जीजामगांव में गायत्री परिवार के सहयोग से 49 गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार एवं विद्याआरंभ संस्कार संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकरी श्रीमती सरिता कुशवाहा, पर्यवेक्षक श्रीमती अरुणा मिश्रा, पर्यवेक्षक मोनिका साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती जानकी निर्मलकर, सहायिक सुशीला नेताम, कलिता गोस्वामी, रेवती मरकाम उपस्थित थे। इस अवसर पर आंगनबाड़ी के उन बच्चों, जिनकी आयु तीन वर्ष पूर्ण हो चुकी है, का शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। साथ ही सुपोषण चौपाल के अंतर्गत आकांक्षा वृक्ष बच्चों की देखभाल में पिता का योगदान विषय पर चर्चा की गई। परियोजना अधिकारी श्रीमती सरिता कुशवाहा द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में जानकारी दी गई तथा बाल विवाह मुक्त कार्यक्रम के तहत बताया गया कि बालिका का विवाह 18 वर्ष से पूर्व एवं बालक का विवाह 21 वर्ष से पूर्व करना कानूनन अपराध है। कम उम्र में विवाह कराने पर माता-पिता, विवाह कराने वाले तथा संबंधित लोगों पर कानूनी दंड का प्रावधान होने की जानकारी भी दी गई।

# दरबा मड़ई का लोगों ने खूब आनंद उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

ग्राम दरबा की मड़ई आसपास के गांवों में बहुत ही लोकप्रिय है। आसपास के 10 गांव से लोग मड़ई का आनंद उठाने पहुंचते हैं। प्रत्येक घर मेहमानों का आगमन होता है। दरबा मड़ई हर वर्ष साल के अंतिम सप्ताह में मनाई जाती है। इस वर्ष 31 दिसंबर को मनाई गई। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए नाचा कार्यक्रम भी हुआ।

सरपंच श्रीमती पूजा साहू ने भी बताया कि इस वर्ष की मड़ई प्रत्येक वर्ष से अधिक लोकप्रिय थी। इस वर्ष मड़ई व्यवस्था के लिए अतिरिक्त जगह आरक्षित की गई थी। मड़ई में आए हुए व्यापारियों का भी व्यापार बहुत अच्छा रहा। ग्राम के सियान और



पंचायत प्रतिनिधियों ने पहले से ही बैठक आहूत कर मड़ई व्यवस्था की तैयारी कर ली थी। असामाजिक तत्वों को दूर रखने के लिए कई नियम बनाए गए। फलस्वरुप भीड़ होने के बावजूद मड़ई अच्छे से संपन्न हुई। इस आयोजन में उपसरपंच गुलशन कुमार साहू, ग्राम प्रमुख लखन निर्मलकर, तरुण साहू, पुनीत राम साहू ,विक्रम साहू, कमलेश साहू, तरुण साहू हेमलाल जनक, रोहित हिरामन साहू, रामकिशन, पुनऊराम, नंदू यादव, हेमलाल साहू, जितेंद्र, चिंताराम, गैंद यादव का सहयोग रहा।

# सत्य का मार्ग कठिन अवश्य है, पर वही आत्मिक शांति देता है : चंद्रकला साहेब

**धमतरी।** संत चंद्रकला साहेब ने जुनवानी (डोमा) में



आयोजित दो दिवसीय कबीर विचार सत्संग समारोह के प्रथम दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में लोग रोचक और भयानक बातों को ध्यान से सुनते हैं, परंतु सत्य को कहने और सुनने वाले बहुत कम रह गए हैं। उन्होंने कबीर साहेब की उलटवासी वाणियों का सुंदर व्याख्यान करते हुए बताया कि सत्य का मार्ग कठिन अवश्य है, पर वही आत्मिक शांति देता है।

- जुनवानी में कबीर विचार सत्संग समारोह का शुभारंभ

कार्यक्रम का आयोजन कबीर सत्संग समिति द्वारा



किया गया, जिसमें संत रमेश साहेब, यदु साहेब, पंचम साहेब (गोरखपुर), पंकज साहेब, रामशरण साहेब सहित अनेक संतगण उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में जुनवानी, डोमा, खम्हरिया, कोसमर्रा, अंगारा आदि गांवों से श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने निकाली रैली

- 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर ब्लॉक मुख्यालयों में आंदोलन के तृतीय दिवस कलम बंद-काम बंद के तहत आंदोलन किया गया। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई मगरलोड द्वारा रामलीला मैदान मगरलोड में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया।



तत्पश्चात रामलीला मैदान से रैली निकालकर मगरलोड के मुख्य मार्ग से होते हुए हड़ताली कर्मचारियों ने ग्यारह सूत्रीय मांगों को पूरी करने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छग के नाम से तहसील कार्यालय मगरलोड में ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक प्रवक्ता डेवेश कुमार साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की वर्तमान सरकार ने चुनाव से पहले घोषणा पत्र में कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी के तहत कई सारी घोषणाएं की थीं।

आंदोलन में ब्लॉक संयोजक दयाराम साहू, कोषाध्यक्ष सियाराम कुर्रे, प्रचार मंत्री बेदराम साहू, सह प्रवक्ता खिलेश्वर सोनबेर, मीडिया प्रभारी प्रेमलाल साहू, चन्द्रशेखर साहू, कीर्तन सिंह नरेटी, होरीलाल साहू, सूरज देवांगन, वेदव्यास सूर्यवंशी, डागेश ध्रुव, दिलीप वर्मा, ओमप्रकाश साहू, भुवनलाल सिन्हा, रवि कुमार साहू, चम्पेश्वर यादव, गणेशी ध्रुव, रूक्मणि ध्रुव, सुनीता सोनी, महेश्वरी ध्रुव, संजू यादव, डामिन दीवान, गोमती साहू, अनीता ध्रुव, देवकुंवर कंवर, नीतेश्वरी उइके, तुलेश्वरी साहू, सत्यवती नेताम, प्रमिला साहू सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी -अधिकारी उपस्थित थे।

# कलाकारों की जीवंत और भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोहा

- गुजरा में प्रयागराज से आई रामलीला मंडली का हुआ मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत गुजरा में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से आए धर्म प्रचार श्री रामलीला मंडली द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव का आज समापन हुआ। यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 25 दिसंबर से 30 दिसंबर तक कुल छह दिनों तक चला। इस दौरान कलाकारों ने प्रभु श्रीराम के जन्म उत्सव से लेकर वनवास, सीताहरण और रावण वध तक की लीलाओं का सजीव मंचन किया, जिसे देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

अंतिम दिवस के समापन कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख खिलेश्वर सोनकले, राजेश साहू, नंदलाल



साहू, रेखराम साहू, सुनील तिवारी, धरम साहू, विशाल साहू, पारस साहू, नंदकुमार साहू, हेमंत विश्वकर्मा, कैलाश साहू, मुकेश साहू, देवीप्रसाद तिवारी, राजेश निषाद, राजा तिवारी सहित समस्त ग्रामवासी दर्शक दीर्घा में मौजूद रहे। कलाकारों की जीवंत और भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

विदाई उद्बोधन में सुनील तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी धर्म और कला से दूर होकर मोबाइल तक सीमित होती जा रही है, जो समाज के लिए चिंताजनक है। ऐसे में श्री रामलीला जैसे आयोजन युवाओं को संस्कार, संस्कृति और धर्म से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। इसी उद्देश्य से ग्राम गुजरा में इस महोत्सव का आयोजन किया गया।

विदाई समारोह में गोविंद साह पूर्व जिला पंचायत सदस्य द्वारा सभी कलाकारों को वस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सरपंच प्रतिनिधि खिलेश्वर सोनकले ने आभार प्रकट किया।

### चंदनबिरही मड़ई मेला 8 को

**धमतरी।** ग्राम चंदनबिरही गुरूर में मड़ई मेला का आयोजन 8 जनवरी को किया गया है। रात्रि में शिवसागर लतमर्रा कलकसा डोंगरगढ़ का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। 10 एवं 11 जनवरी को मानसगान सम्मेलन होगा। कार्यक्रम की तैयारी में गोकुल ठाकुर सरपंच, प्रमिला साहू जनपद सदस्य, शैलेंद्र सार्वा ग्रामीण अध्यक्ष, राजेश साहू कोषाध्यक्ष, टुमन साहू सचिव, भीमसेन ठाकुर उपाध्यक्ष, दिनेश साहू सहसचिव जुटे हैं।

### मौरीखुर्द में मड़ई 10 को

**सिर्री।** ग्राम मौरीखुर्द (दहदहा) में ग्रामवासियों के सहयोग से 10 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। संध्या में जय मां दंतेश्वरी राउत नाचा दहदहा की प्रस्तुति होगी। रात्रि में जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचा पार्टी ग्राम मंदलौर चंपारण का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी कृपाराम, केशवराम, कामताराम यादव, चंद्रकुमार, त्रिभुवन एवं मनोज साहू ने दी।

# छात्रों ने गणित, विज्ञान जैसे कठिन विषयों को सरल व रोचक ढंग से प्रस्तुत किया

- मगरलोड स्कूल में गणित–विज्ञान मेला का वार्षिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में गणित–विज्ञान मेला का वार्षिक आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा नवमी से बारहवीं तक की छात्राओं ने गणित एवं विज्ञान विषय से संबंधित मॉडल, चार्ट और नाटिका लेखन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने गणित और विज्ञान जैसे कठिन विषयों को सरल व रोचक ढंग से प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

विज्ञान विषय में बीजांड की संरचना, ज्वालामुखी, पाचन तंत्र, श्वसन तंत्र, तंत्रिका तंत्र, हृदय, पवन चक्की, विज्ञान पार्क, जंतु कोशिका,



पादप कोशिका, गति के नियम तथा वर्षा जल संचयन जैसे विषयों पर विविध मॉडल प्रदर्शित किए गए। वहीं गणित विषय में अवधारणाओं को आसान तरीके से समझाने वाली प्रदर्शनी लगाई गई। कक्षा दसवीं की दिव्यांग छात्रा कौशल्या द्वारा कोणों के माप, न्यून कोण, अधिक कोण एवं सरल कोण पर तैयार मॉडल की विशेष सराहना की गई।

कार्यक्रम का आयोजन गणित–विज्ञान क्लब की प्रभारी शिक्षिका श्रीमती भारती मरकाम एवं व्याख्याता जियाउद्दीन मुगल के मार्गदर्शन में हुआ। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान कुमारी भुनेश्वरी एवं कुमारी वंदना (कक्षा दसवीं) तथा द्वितीय स्थान कुमारी झरना निषाद (कक्षा नवमी) ने प्राप्त किया। गणित विषय में प्रथम स्थान कुमारी पायल साहू एवं द्वितीय स्थान कुमारी रोशनी साहू (कक्षा दसवीं) को मिला।

निर्णायक मंडल में प्राचार्य पनेश कुमार सेन, श्रीमती दामिनी ध्रुव एवं शिक्षक टोमेश साहू शामिल रहे। शिक्षकों उमेश मरकाम, विनीता धुर्वे, एकता घेवरिया, रूपेश्वरी साहू एवं रूपा साहू ने प्रदर्शनी की सराहना की। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

आश्रम परिसर में स्थित कुंडनुमा आकृति में साल भर पानी भरा रहता है

# शुतीक्षण मुनि आश्रम चमेदा में हुआ पूजा-यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर सुदूर वनांचल क्षेत्र में स्थित चमेदा गांव में विराजमान शुतीक्षण मुनि आश्रम में इस वर्ष भी विश्व कल्याण की भावना से पूजा-यज्ञ का आयोजन किया गया। यह आश्रम पहाड़ियों के बीच स्थित है और आज भी रहस्यों से भरा हुआ माना जाता है। आश्रम परिसर में कुंडनुमा आकृति में वर्षभर पानी भरा रहता है। ग्रामीणों के अनुसार गर्मी के दिनों में जब आसपास के क्षेत्रों में भू-स्तरीय जल स्त्रोत सूख



जाते हैं, तब भी यहां पानी बना रहता है। ग्रामीणों की मान्यता है कि इस जल का छिड़काव करने या ग्रहण करने से रोग दूर होते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि इस पवित्र स्थल पर प्रतिवर्ष सप्त ऋषि साधु समिति के तत्वावधान में पूजा-यज्ञ किया जाता है, जिसमें गांववासियों का पूर्ण सहयोग रहता है। आश्रम के पुजारी प्रेमलाल नेताम ने बताया कि यह स्थल मुनि-महात्माओं की तपोभूमि होने के साथ एक प्रमुख धार्मिक और आस्था का केंद्र है। दूर-दराज और देश-विदेश से भी श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि पर्यटन स्थल होने के बावजूद यहां बुनियादी सुविधाओं और पहुंच मार्ग की भारी कमी है। खराब रास्तों के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। शासन-प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए, जिससे क्षेत्र का विकास हो सके।

इस पूजा-अर्चना में सप्त ऋषि साधु समिति के अध्यक्ष संत मुरली बाबा, आचार्य बालक दास वैष्णव, सचिव संजय भण्डारी, उपाध्यक्ष कन्हाई हरिशंकर निषाद, आनंद राम लहरे, रूप बसंत, अश्वन कुंजाम, गणपत यादव, मंगल राम नेताम, मनक मरकाम, बिरझु मंडावी, दुलचंद नेताम, जागेश्वर नेताम, भरत कोर्राम, सुजान दास मानिकपुरी, रेखराज निषाद, नोहर मरकाम, परशुराम भगत पटेल, रमेश मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कड़ाके की ठंड से बचने लोग अलाव का ले रहे सहारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

छत्तीसगढ़ के मध्य हिस्से में स्थित नगरी सिहावा में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र में शीतलहर चल रही है। इससे बचने लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। रात्रि का न्यूनतम तापमान 10-11 डिग्री तक पहुंच गया है। कौशल प्रसाद साहू, डीएस ध्रुव, दीपक साहू, ईश्वरी ध्रुव, पार्वतीबाई साहू, हिमेन्द्र कोसरिया, ममता कोसरिया, नागेंद्र साहू, टिया साहू अपने आपको गर्म रखने अलाव का सहारा ले रहे हैं।

## अंचल की खबरें

### अछोटा में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ



**धमतरी।** ग्राम अछोटा में शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में तीन दिन तक पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया। मेकूराम निषाद ने बताया कि इस कार्यक्रम में 8 पुंसवन, 35 विद्या, 4 दीक्षा संस्कार सम्पन्न हुआ। सनातन संस्कृति, धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने एवं गौ माता एवं सदगुरु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में केशकुमारी, द्रौपदी, सुमित्रा देवांगन, राजेंद्र नाग, सरपंच संतोषी ढीमर, खिलेश सेन व ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

### जिपं सदस्य नीलम श्रीमद् भागवत कथा में हुए शामिल



**कुरुद।** शांतिनगर कुरुद में सिन्हा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने भागवताचार्य का सम्मान कर भागवत पुराण की आरती उतारी एवं श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया। श्रोताओं को संबोधित करते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा हम सबके जीवन में प्रेम, क्षमा, सहयोग, आत्म संतुष्टि जागृत करती है। प्रभु के चरणों में रहकर ही सच्चे समाज सेवा की बात सार्थक होगी। प्रभु की कृपा होती है तभी श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। इस दौरान केजूराम सिन्हा, भेजूराम सिन्हा, उत्तम सिन्हा, राज देवांगन, भूषण देवांगन, रामायण साहू, चोवाराम साहू, रामप्रसाद सिन्हा, कामता सिन्हा सही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### सातबाहना में कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नगरी।** सेवन स्टार क्लब सातबाहना द्वारा दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, विशेष अतिथि प्रमोद कुंजाम जनपद सदस्य, नीलकमल कोडोपी सरपंच ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रमोद कुंजाम ने कहा कि कबड्डी केवल एक खेल नहीं, बल्कि साहस, अनुशासन और टीम भावना का प्रतीक है। ऐसे खेल आयोजन से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों से आई टीमों ने भाग लिया। शुभारंभ मैच में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मौके पर अमृत नाग, अभिषेक बंजारे, भरत लहरे, अमरनाथ राणा, ननकू मानिकपुरी, पूरन सेन आदि उपस्थित थे। क्लब अध्यक्ष पूरन लाल सेन ने आभार व्यक्त किया।

### सोरिद वार्ड में सभापति कौशल्या ने सुनी भागवत कथा



**धमतरी।** सोरिद वार्ड में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का श्रवण करने नगर निगम की सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन पहुंचीं। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर व्यासपीठ से प्रवाहित हो रही श्रीमद् भागवत कथा को श्रद्धा, आस्था एवं भक्ति भाव से श्रवण किया। इस अवसर पर सभापति श्रीमती देवांगन ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि मानव जीवन को सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला आध्यात्मिक स्त्रोत है। भागवत कथा के माध्यम से समाज में नैतिक मूल्यों का विकास होता है तथा आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ कथा का श्रवण किया और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। पूरा वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर नजर आया।

### योग स्पर्धा में संबलपुर स्कूल की पूर्व छात्राओं का चयन



**धमतरी।** आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योग महिला स्पर्धा का आयोजन स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान बैंगलोर में 5 से 9 जनवरी तक आयोजित है। इसमें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की योग महिला टीम भाग लेने के लिए 1 जनवरी को रवाना होगी। इस ग्रुप इवेंट में शाउमावि संबलपुर (धमतरी) की पूर्व छात्रानीलम साहू, चेतना साहू का चयन हुआ है। नीलम बोड़रा निवासी भूखन साहू की पुत्री हैं जो मार्शल आर्ट ताईक्वांडो के राष्ट्रीय खिलाड़ी व ब्लैक बेल्ट रैंक है। इन दोनों छात्राओं ने रवि शंकर शुक्ल इंटर यूनिवर्सिटी की योग प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करके आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योग प्रतिस्पर्धा में अपना स्थान बनाया है। पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर (छग) का प्रतिनिधित्व करेगी। छात्राओं की इस सफलता पर स्कूल के प्राचार्य केएल साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष बाल कुमार क्षत्रिय, सरपंच मंजू चंद्राकर, खेल शिक्षक ओंकार पटेल, हरमीत कौर खालसा, प्रमोद शार्दुल, शशिप्रभा चंद्राकर, सुनीता वाधवानी, भूखन साहू, सेवती बाई, बलराम साहू, खिलेश्वर, जया साहू, बसंती, डिम्पल देवांगन, हर्षाना साहू, विवेक मैत्रेय, होरीलाल साहू ने हर्ष जताया है।

### सार्थक स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया गया

**धमतरी।** मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल धमतरी में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के विशेष बच्चों ने प्रशिक्षक देविका दीवान के मार्गदर्शन में सुलेख लेखन, रंग भरना, कहानी सुनाना एवं पुस्तक पठन जैसी रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता की। मोनिका आहूजा, हर्षिता गजेंद्र, शरणजीत सिंह खालसा, नेमेश साहू, आकाश आहूजा एवं दीपाली सोनी ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया।

---

कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# सड़क दुर्घटना रोकने के लिए गंभीरता से काम करने की जरूरत : अबिनाश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हुई। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बैठक में जिले से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग और राजकीय सड़कों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के सड़कों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि सड़क सुरक्षा न केवल एक महत्वपूर्ण विषय है, बल्कि दुर्घटनाओं में कमी लाकर अमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सकता है। जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने पर बल दिया। वहीं जरूरत के अनुरूप ट्रैफिक सिग्नल और अन्य अधोसंरचना कार्यो को सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। वही नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के लिए कहा साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने पर बल दिया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने सड़क सुरक्षा पर बल दुर्घटना रोकने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता बताई। वहीं जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सहायक सड़कों के दुर्घटनाजन्य वाले स्थानों पर गति नियंत्रण के लिए जिगजैग, रबल स्ट्रीप लगाने, आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने, सड़कों पर सुगम दृश्यता हेतु सड़क किनारे स्थित झाड़ियों की छंटाई करने, रात्रि में अंधेरे की वजह से हो रही दुर्घटनाओं वाले स्थानों में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया।

### व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता



#### हेलमेट पहनने के लिए लगातार प्रेरित करें

कलेक्टर ने जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने यातायात नियमों का पालन एवं सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्गो को सहायक सड़कों से जोड़ने वाले जंक्शन पॉइंट पर गति अवरोध के लिए मानक रंबल स्ट्रिप बनाने पर बल दिया। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए लोगों को हेलमेट पहनने लगातार प्रेरित करने कहा।

#### स्कूल बस में क्षमता से ज्यादा बच्चे न बिठाएं।

कलेक्टर ने ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई के निर्देश दिए जो यातायात नियमों का पालन नहीं करते है। नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे में दुर्घटना के नियंत्रण के लिए पेट्रोलिंग वाहन लगातार चलते रहे। ओवर स्पीड वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध कार्रवाई जारी रखें। कलेक्टर ने स्कूल बसों एवं ड्राइवरों की फिटनेस जांच भी समय-समय पर करने के निर्देश दिए। स्कूल बस में क्षमता से ज्यादा बच्चे न बिठाएं।

#### जेब्रा क्रॉसिंग की पुताई कराने के निर्देश

कलेक्टर ने सड़कों में जेब्रा क्रॉसिंग की पुताई अभियान चलाकर करने के निर्देश दिए। सुरक्षित एवं दुर्घटना रहित यात्रा के लिए लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति और जागरूक करना जरूरी है। कलेक्टर ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरूस्त करने यातायात पुलिस, नगर निगम और आरटीओ को संयुक्त रूप से कार्य करने कहा। बैठक में उपायुक्त नगर निगम पीसी सार्वा, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जिला परिवहन अधिकारी एमएम मुजाहिद, एसडीओ लोक निर्माण विभाग पैकरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

# माधुरी की छह पुस्तकों का हुआ विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

27 दिसम्बर 2025 को तुलसी मंगलम भवन रायपुर में बिलासा साहित्य शिक्षण संस्थान का अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण निगम, विशिष्ट अतिथि लोक गीतकार डॉ पीसीलाल यादव, सुधीर शर्मा थे। बिलासा छंद महालय साहित्य शिक्षण संस्थान के संस्थापक डॉ रामनाथ साहू, अध्यक्ष डॉ माधुरी डड़सेना, सचिव डॉ ओमकार मृदुल के प्रयास से यह कार्यक्रम हुआ।

- नवमी बार वर्ल्ड रिकार्ड में हुईं शामिल

कार्यक्रम में देश के सभी प्रांत साहित्यकार व महालय छंदसाधक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में नपं निवासी डॉ माधुरी डड़सेना मुदिता शिक्षिका द्वारा स्वरचित छह पुस्तकों का विमोचन हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ी गीत छुछुंदरी, गजल संग्रह माधुरी मुस्कान, नवप्रस्तारित गीत माधुरी मयंक, बाल साहित्य माधुरी महक, क्षणिका संग्रह माधुरी मलय और मेरी मां पुस्तकों का विमोचन किया गया। माधुरी डड़सेना ने बताया कि अब तक उन्होंने स्वरचित सत्ताइस पुस्तकों का सृजन किया है तथा 28 साझा संकलन में भी अपनी लेखनी चलाई है। उन्होंने प्रायः सभी विधाओं पर लेखन किया। गीत, गजल, कहानी, संस्मरण, महाकाव्य, हाइकु, लघुकथा, लोकगीत पर अच्छी पकड़ है। उन्हें कई वल्ड रिकार्ड भी हासिल हुए हैं। इस बार भी उन्हें प्रणत ग्रंथ के लेखन पर मैजिक ऑफ वल्ड रिकार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ माधुरी की इस उपलब्धि पर संस्था के संस्थापक डॉ रामनाथ साहू, कमलेश्वर कुमार पटेल, ज्ञानेश्वरी साहू, रोहणी पटेल आदि ने हर्ष जताया है।

---

# रेडक्रॉस स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के अध्यक्ष अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में जिलेभर में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जनचेतना बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।

इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी धमतरी के तत्वावधान में आयोजित इस अभियान में जिला रेडक्रॉस चेयरमेन प्राप्ति वासानी, वाइस चेयरमेन शिवा प्रधान, जिला संगठक आकाश गिरी गोस्वामी, जिला सहसंगठक मनोज साहू, ब्लॉक काउंसलर मनोज प्रधान एवं श्रीमती ऋतु प्रधान की सहभागिता रही। उनके मार्गदर्शन में रेडक्रॉस स्वयंसेवकों ने ग्राम खरतुली, परसतराई, पोटियाडीह, अर्जुनी सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी इलाकों में स्वच्छता गतिविधियां संचालित की गईं।

अभियान अंतर्गत साफ-सफाई अभियान के साथ-साथ स्वच्छता रैली निकाली गई, जिसमें गीतों, नारों और प्रेरक संदेशों के माध्यम से आमजन को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के महत्व, कचरा प्रबंधन, व्यक्तिगत साफ-सफाई एवं रोगों से बचाव की जानकारी दी। यह अभियान जिले में स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रहा है।

---

# माताओं ने बच्चों के साथ मनाया नव वर्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला तुमाबैगापारा आमदी एवं पीएम श्री शासकीय उन्नयन प्राथमिक शाला आमदी में माताओं द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए नए वर्ष का पहला दिन स्कूल के बच्चों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माध्यमिक शाला के 80 तथा प्राथमिक शाला के 70 विद्यार्थियों को न्योता भोजन कराया गया। माताओं ने अपने हाथों से बनाए गए मूंग बड़ा एवं जलेबी बच्चों को वितरित किए, जिससे बच्चों को नए वर्ष में मुंह मीठा करने का अवसर मिला।

- बनी सामुदायिक सहभागिता की मिसाल

माताओं ने बताया कि आमतौर पर नए वर्ष में लोग बाहर घूमने की योजना बनाते हैं, लेकिन उन्होंने निर्णय लिया कि वे इस दिन अपने बच्चों के साथ समय बिताएंगी, क्योंकि शेष दिनों में सभी अपने दैनिक कार्यों में व्यस्त रहते हैं। उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि भविष्य में प्रत्येक वर्ष इस प्रकार बच्चों के साथ नए वर्ष में न्योता भोजन का आयोजन किया जाएगा। यह पहल सामुदायिक सहभागिता की एक प्रेरणादायक मिसाल बन गई, जिसे अन्य पालकों द्वारा भी अपनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम में कामिनी ध्रुव, मालती, लक्ष्मी सहित लगभग 20 माताएं उपस्थित रहीं। विद्यालय की प्रधानपाठक बिंदु ध्रुव एवं प्राथमिक शाला की प्रभारी प्रधानपाठक लक्ष्मी कुमार साहू ने माताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

---

# चार श्रम संहिताओं और मनरेगा में बदलावों की आलोचना



- सीटू के सातवें जिला सम्मेलन में 28 सदस्यीय समिति का गठन
- मणिराम देवांगन अध्यक्ष, समीर कुरैशी सचिव बने

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) का सातवां जिला सम्मेलन 28 दिसंबर को धमतरी में हुआ। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य समिति के राज्य अध्यक्ष कामरेड एसएन बनर्जी थे। अध्यक्षता मणिराम देवागन, सरला शर्मा, अनुसुईया कंडरा ने की। अतिथियों का स्वागत मणिराम देवागन, रैमनलाल यादव, सरला शर्मा, युवराज सिंह साहू, तुलसीराम निर्मलकर, ललिता साहू ने किया।

तीन वर्षों की रिपोर्ट सचिव समीर कुरैशी ने प्रस्तुत की, जिसे विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से पारित किया गया। एसएन बनर्जी ने चार श्रम संहिताओं और मनरेगा में बदलावों की आलोचना करते हुए 12 फरवरी 2026 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया।

सम्मेलन में 28 सदस्यीय जिला समिति का गठन हुआ। मणिराम देवांगन अध्यक्ष, अशोक कुमार घुग, ललिता साहू, अमरीका नागरची उपाध्यक्ष, समीर कुरैशी सचिव, बालाराम मरकाम, युवराज सिंह साहू, जयश्री गोस्वामी सहसचिव, सरला शर्मा कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्यों में राजूराम साहू, कृष्णा निर्मलकर, रवि कुमार ध्रुव, दुर्गेश कुमार देवागन, लक्ष्मण देवांगन, जयकरण देवांगन, उकेश्वरी साहू, सीता साहू, नेमिन निषाद, अनुसुईया कंडरा, पमलाल ढीमर, अमृत ध्रुव, कामता प्रसाद, सागरराम निषाद, अहिल्या ध्रुव, रैमन लाल यादव, पुरुषोत्तम साहू शामिल हैं। जिला समिति ने बताया कि आठवां राज्य सम्मेलन 1-3 फरवरी को दल्लीराजहरा बालोद में होगा। कार्यक्रम का संचालन रैमन लाल यादव ने किया।

---

# ग्रामीणों ने महुआ लाहन को किया नष्ट



- उमरगांव के लोगों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प, पुलिस एवं आबकारी विभाग की मदद मिल रही

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम उमरगांव में नशामुक्ति को लेकर ग्रामीणों ने सशक्त पहल करते हुए अभियान को तेज कर दिया है। गांव में अवैध रूप से शराब बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और नशे के दुष्प्रभावों से समाज को बचाने का संकल्प लिया गया है।

बीते दिनों ग्रामसभा की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि गांव में किसी भी प्रकार की शराब का निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

इसी क्रम में 31 दिसंबर को ग्रामीणों ने एकजुट होकर शराब बनाने वालों के घर-घर जाकर समझाइश दी तथा महुआ लाहन को नष्ट किया। ग्रामीणों का कहना है कि नशे के कारण गांव का माहौल बिगड़ रहा था। छोटे-छोटे बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे थे, जिससे समाज में अशांति फैल रही थी।

इस अभियान की अगुवाई गांव की महिलाओं ने की, जिन्होंने आक्रोश के साथ नशामुक्ति का संकल्प लेते हुए पूरे गांव को जागरूक किया। ग्रामीणों की इस पहल को सिहावा थाना पुलिस एवं आबकारी विभाग का भी सहयोग मिल रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि गांव को नशामुक्त बनाकर शांतिपूर्ण और स्वस्थ वातावरण बनाया जा सके।

---

# ब्राम्हण समाज ने किया पं. अतुल कृष्ण, पं. राजेश का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कथावाचक पंडित अतुल कृष्ण और समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा का ब्राम्हण समाज ने अभिनंदन किया। समाज के प्रमुख जानकी वल्लभजी तीर्थ, राजेन्द्र श्रोती, भूपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि सनातन धर्म केवल पूजा पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन को संस्कारित करने की पूर्ण व्यवस्था है। ऐसे आयोजनों से समाज में चेतना, एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। कौशल्या माता समिति की जिलाध्यक्ष बरखा शर्मा, हेमलता शर्मा, प्रभा मिश्रा ने कहा कि पंडित राजेश शर्मा केवल एक नाम नहीं, बल्कि सनातन आस्था की सशक्त पहचान बन चुके हैं। जिला पदाधिकारी राकेश दीवान, चंद्रशेखर चौबे, बीपी तिवारी, अशोक मिश्रा, सूरज तिवारी, प्रदीप शर्मा, अमन पांडे एवं राकेश तिवारी ने कहा कि पंडित शर्मा सनातन धर्म की मूल परंपराओं, संस्कारों और मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु निरंतर सक्रिय हैं। विप्र विद्वत परिषद् के प्रमुख अशोक पांडे शास्त्री, होमन प्रसाद शास्त्री, घनश्याम प्रसाद द्विवेदी, संतोष तिवारी, महेश शास्त्री ने कहा कि ऐसे कर्मठ और समर्पित व्यक्तित्व समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

---

# खेलकूद से शारीरिक और मानसिक मजबूती मिलती है : कविता



- ग्राम लिमतरा में कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इंडियन इलेवन क्रिकेट क्लब एवं ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में आठ दिवसीय टेनिसबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम लिमतरा में किया गया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती कविता बाबर सदस्य जिला पंचायत थीं। सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती बाबर ने कहा कि क्रिकेट भारत का प्रसिद्ध खेल है जो गली मोहल्ले एव शहरों में खेला जाता है। वर्तमान में क्रिकेट एक नए रूप व स्वरूप में लोकप्रिय होते जा रहा है। इसकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को स्वस्थ जीवन जीना है तो खेलकूद एवं व्यायाम को अपने जीवन में अपनाना होगा। खेलकूद एवं व्यायाम से शरीर स्वस्थ रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। स्वस्थ मन में अच्छे विचार और अच्छी भावना जागृत होती है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। मौके पर सरपंच भुवनेश्वरी साहू, उपसरपंच पंकज साहू, फागेश्वर साहू, डोमन साहू, दयालु साहू, चेमन साहू समेत आयोजन समिति के सदस्य एवं ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

# आमदी में रामायण मेला महोत्सव एवं वृद्धजनों का हुआ सम्मान

**धमतरी।** नगर पंचायत आमदी के राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में रामायण मेला महोत्सव एवं वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू रहीं। श्रीमती साहू ने मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं आरती कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर वृद्धजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। श्रीमती रंजना साहू ने श्रीराम कथा श्रवण करने के उपरांत कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, त्याग, कर्तव्य और सेवा का प्रतीक है। रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला महान ग्रंथ है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि वृद्धजन एवं वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर है। उनके अनुभव और संस्कार ही हमारी आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नगर पंचायत आमदी की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू ने कहा कि रामायण मेला महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक एकता, सामाजिक समरसता और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का माध्यम है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस की हेलमेट रैली आज

**धमतरी।** यातायात पुलिस सड़क सुरक्षा माह 2026 मना रही है। सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरुकता के लिए शुक्रवार को हेलमेट रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली आज शुक्रवार सुबह 10.30 बजे गांधी मैदान से निकलकर शहर का भ्रमण कर लोगों को हेलमेट से होने वाली जीवन रक्षा का संदेश देगी। लोगों से हेलमेट रैली में सहभागी बनने की अपील की गई है।

### रामसागरपारा में श्रीमद् भागवत कथा 16 से

**धमतरी।** आमातालाब रोड रामसागरपारा में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा 16 से 24 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी। कथावाचक पंडित हरिशरण महाराज होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में सुषमा, भेदूप्रसाद, श्रीमती टेमिन, गोविंद, श्रीमती मंजू, मनीष, योगेन्द्र कुमार, श्रीमती दुर्गा समेत अन्य जुटे हैं।

### बाइक वन विभाग के मुनारा पत्थर से टकराई

■ चालक की मौत, साथी घायल, मड़ेली के बांधा तालाब के पास हुई घटना

**मगरलोड।** साल के अंतिम दिन बाइक दुर्घटना में चालक की मौत हो गई एवं साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। एसआई दक्ष कुमार साहू ने बताया कि 31 दिसम्बर बुधवार को ग्राम मड़ेली निवासी संतोष कमार पिता लालजी उम्र 37 वर्ष अपने साथी तुलाराम के साथ मगरलोड आ रहा था। बाइक संतोष कमार चला रहा था। शाम 6.30 बजे बांधातालाब मड़ेली के पास बाइक वन विभाग के मुनारा पत्थर से टकरा गई। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। टकराने से चालक संतोष कमार व तुला राम गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड लाया गया जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने संतोष कमार को मृत घोषित किया। तुला राम को प्राथमिक उपचार के बाद रिफर कर दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा, पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### मिशन संचालक ने जलजीवन के कार्यों का किया निरीक्षण

**कांकेर।** ग्राम पंचायत कोकपुर के आश्रित ग्राम खमढोड़गी में 1 जनवरी को जल जीवन मिशन के तहत किए गए कार्यों का निरीक्षण कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, मिशन संचालक जल जीवन मिशन जितेन्द्र शुक्ला, अतिरिक्त मिशन संचालक एसएन पांडेय द्वारा ग्राम में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित उच्च स्तरीय जलागार, सोलर आधारित जल आपूर्ति योजना, नल कनेक्शन, पाइप लाइन एवं अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच किया।

### बस्तर पंडुम 2026 के आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक 3 को

**दुर्गुकोंदल।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग की समृद्ध कला एवं संस्कृति को संरक्षित, संवर्धित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बस्तर पण्डूम का जनपद स्तरीय आयोजन किया जाना है। इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारी एवं रूपरेखा को लेकर 03 जनवरी शनिवार को प्रातः जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है।

हरदिहा साहू समाज भवन में 'लययात्रा 2026' का आयोजन, देश-विदेश से पहुंचे कलाकार

# शास्त्रीय संगीत, नृत्य और वादन की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





स्वर्गीय पं. जगन्नाथ राव महाजन की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगीत समारोह लययात्रा 2026 ने धमतरी को सुर, ताल और लय के रंग में रंगे रखा। हरदिहा साहू समाज भवन रत्नाबांधा रोड में आयोजित इस आयोजन में शास्त्रीय संगीत, नृत्य और वादन की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के पहले दिन का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसे भूषण सिंह पटेल ने प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात पं. बसंत त्रिवेदी ने नववर्ष गीत से उत्साह का संचार किया। जूनियर विद्यार्थियों के तबला वृंद निर्देशन रविकांत गजेन्द्र की सशक्त प्रस्तुति ने दर्शकों को प्रभावित किया। एकल शास्त्रीय गायन में आर्यांश राज गंजीर और एकल शास्त्रीय नृत्य में दीपाली कलिहारी ने अपनी कला से खूब तालियां बटोरीं। कुछ राग कुछ गीत में हिमानी, युक्ता, आन्या और जयांशु ने मधुर स्वर बिखेरे, वहीं समूह नृत्य गंगा अवतरण ने सभागार में समा बांध दिया। सीनियर तबला वृंद, सितार वादन वारिधि गजेन्द्र, तबला वादन नेमीचंद सोनी, कत्थक नृत्य कलेश्वरी साहू और रविकांत गजेन्द्र के तबला वादन ने पहले दिन को यादगार बना दिया।



दूसरे दिन कार्यक्रम को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगी। विदूषी डॉ. तनुजा नाफड़े (नागपुर) का शास्त्रीय गायन श्रोताओं को रागों की गहराई से रूबरू कराएगा। इसके बाद जापान की विदूषी सयूमी ताकानो पियानो व जापानी संगीत का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेंगी। दिल्ली से पधारे तबला वादक तानसेन श्रीवास्तव और हारमोनियम पर पं. चंद्रभूषण वर्मा (रायपुर) की संगत कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा।

समारोह के आयोजक लययात्रा संगीत साधक ग्रुप धमतरी ने कहा कि ऐसे आयोजन शास्त्रीय संगीत को नई पीढ़ी से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। संगीत प्रेमियों ने तालियों की गूंज से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

## नव वर्ष पर चर्च में हुई विशेष आराधना सभा





■ आतिशबाजी के साथ मसीही समाज ने किया नए वर्ष का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नव वर्ष के शुभारंभ पर मसीह समाज द्वारा गुरुवार को चर्च में विशेष आराधना सभा का आयोजन किया गया। आराधना, वचन, सभा एवं शास्त्र पठन के माध्यम से प्रभु का स्मरण करते हुए समाजजनों ने नए वर्ष में सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। आध्यात्मिक वातावरण के बीच कार्यक्रम के पश्चात फटाकों और आतिशबाजी के साथ नववर्ष का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया।

आराधना सभा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए और एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। चर्च परिसर में प्रार्थना के साथ उल्लास और आपसी भाईचारे का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर मसीह समाज के शैलजा सोनवानी, आशीष मिलाप, दीपक मसीह, पीके सिंग, आरजे साइमन, किरण जॉनसन, डॉ. नीरज नेताम, डॉ. संदीप पटौंदा, डॉ. दिलीप मलागर, योगेश लाल, अनुराग मसीह, आर पीटर, स्वप्निल सोनवानी, राकेश सालोमन, नीलेश बेथे, कल्याण मसीह, मार्विन चरण, वालेश चरण, प्रणय तिवारी, प्रणय लाल, संगीता नाग, सरिता असाई, सपना पाल, नीलेश विक्टर, राजेश मसीह, स्टीव लाल, अनिल नरोत्तम, गौरव, अर्पणचीत हाटे, अमन मिर्जा, फिनेश लाल, अभिषेक मिर्जा, एसआर पाल, प्रवीण लाल, आदित्य विक्टर, अर्चना नेताम, विन्नी सपाटे, रिकेश दास, भावना वाणी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## जिला साहू समाज का प्रतिनिधिमंडल उपमुख्यमंत्री से मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला साहू समाज के प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्हें आगामी शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया। मुलाकात के अवसर पर गणेशराम साहू अध्यक्ष जिला साहू समाज धमतरी, कामताप्रसाद साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज भखारा, राजेंद्र साहू उपाध्यक्ष जिला साहू समाज धमतरी, डीहू साहू मगरलोड, लोकेश्वर साहू गोबरा एवं महेश साहू नवागांव उपस्थित थे।

## 25 वर्ष बाद मिले सहपाठी, पुरानी जगह पर बैठकर बीते दिनों की याद की ताजा



■ मेनोनाइट स्कूल के एलुमनी रियूनियन में मुंबई, दिल्ली, पुणे, जबलपुर, ऑस्ट्रेलिया से पहुंचे छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मेनोनाइट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 1989-2000 बैच के भूतपूर्व विद्यार्थियों ने शनिवार को रियूनियन कार्यक्रम का आयोजन किया।

सभी भूतपूर्व विद्यार्थी स्कूल की घंटी बजते ही प्रांगण में कतारबद्ध होकर अपनी पुराने शिक्षकों के साथ एकत्रित हुए और राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। 25 वर्षों बाद सभी दोस्त एक दूसरे से गले मिले। सभी विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्र में अपनी प्रतिभा परचम लहरा रहे हैं। कोई मुंबई, दिल्ली, पुणे, जबलपुर से आया तो कुछ लोग रायपुर, बिलासपुर और कवर्धा से। बहुत से लोग धमतरी से थे। एक विद्यार्थी सात समुद्र पार ऑस्ट्रेलिया से कार्यक्रम में शामिल हुए। गुरुजनों का स्वागत पौधा और शॉल, श्रीफल देकर किया गया। विद्यालय की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे स्कूल को डोनेट किया।

भूतपूर्व विद्यार्थियों ने शिक्षकों को स्मृतिचिन्ह भेंट कर अपने स्नेह को प्रकट किया। विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया। अपनी कक्षाओं में अपनी पुरानी जगहों पर बैठकर पुराने दिनों को ताजा किया और चौधरी सर द्वारा इनकी क्लास भी ली गईं।

शाम को शहर के एक रेस्टोरेंट में संगीतमयी शुरूआत करते हुए रोचक गेम्स खेले। सभी ने खूब मस्ती की और रियूनियन का भरपूर आनंद लिया। दूसरे दिन सभी ने जबर्रा इको टूरिस्ट प्लेस में ट्रैकिंग कर पिकनिक मनाया और स्थानीय आदिवासी खाने का लुत्फ उठाया। बहुत सारी मीठी यादों को अपनी आंखों में समाकर अपने घरों को विदा हो गए।

## दो साल बाद शास्त्री चौक की ऐतिहासिक घड़ी फिर चली

छुईखदान क्षेत्र से आए मैकेनिक ने सुधारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शहर के हृदय स्थल घड़ी चौक में स्थापित ऐतिहासिक घड़ी ने दो वर्षों की खामोशी के बाद एक बार फिर समय बताना शुरू कर दिया है। लंबे समय से बंद पड़ी इस घड़ी को लेकर शहरवासियों में नाराज़गी, चिंता और चर्चा बनी हुई थी, क्योंकि यह घड़ी केवल एक यांत्रिक उपकरण नहीं, बल्कि धमतरी की पहचान और गौरव का प्रतीक मानी जाती है।



घड़ी को पुनः चालू कराने के लिए महापौर रामू रोहरा लगातार प्रयासरत रहे। कई तकनीकी विशेषज्ञों और स्थानों पर संपर्क करने के बावजूद लंबे समय तक अनुभवी घड़ी मैकेनिक उपलब्ध नहीं हो सका। महापौर रामू रोहरा ने सार्वजनिक रूप से घोषणा की कि जो व्यक्ति इस ऐतिहासिक घड़ी को सफलतापूर्वक सुधारने वाला योग्य मैकेनिक खोजकर लाएगा, उसे 21,000 रु की नगद राशि प्रदान की जाएगी।

समाजसेवी गोपाल साहू ने इस दिशा में पहल करते हुए छुईखदान क्षेत्र से अनुभवी घड़ी मैकेनिक को खोज निकाला। मैकेनिक द्वारा आवश्यक तकनीकी सुधार कार्य किए जाने के बाद दो वर्षों से बंद पड़ी घड़ी चौक की ऐतिहासिक घड़ी पुनः चालू हो गई। घड़ी के फिर से चलने पर शहर में खुशी और उत्साह का माहौल है।

इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि घड़ी चौक की ऐतिहासिक घड़ी धमतरी की पहचान है और ऐसे सार्वजनिक व ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि घड़ी चौक की घड़ी केवल समय नहीं बताती, बल्कि धमतरी की पहचान और भावनाओं से जुड़ी है। दो वर्षों बाद घड़ी की टिक-टिक ने एक बार फिर धमतरी के हृदय स्थल को जीवंत कर दिया है।

## घर के सामने खड़ी बाइक की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

घर के सामने खड़ी बाइक की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी निवासी योगेंद्र साहू पिता विश्राम 27 दिसंबर को अपनी बाइक क्र. सीजी 05 एक्यू 5227 को घर के सामने खड़ा किया था। इसी दिन आमदी में मड़ई कार्यक्रम था। रात्रि में घर के लोग कार्यक्रम देखने गए थे। इसी दौरान कोई अज्ञात चोर बाइक की चोरी कर फरार हो गया। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित योगेंद्र ने अर्जुनी थाने में बाइक चोरी घटना की शिकायत दर्ज कराई।

### मुरा के बीएसएफ जवान का हुआ स्वागत

**जीजामगांव।** बीएसएफ की ट्रेनिंग लेने के बाद गृह ग्राम मुरा पहुंचे हरीश कुमार का ग्राम पंचायत और ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया। मौके पर भुनेश्वर, युवराज, डाहू, बसंत, सुमेर, गोविन्द गिरधारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## मां शाकंभरी जयंती पर दो को निकलेगी मोटर साइकिल रैली, स्वास्थ्य शिविर भी लगेगा

■ 3 जनवरी को 12 बजे कलश यात्रा नगर में निकलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कोसरिया पटेल मरार समाज धमतरी नगर का शाकम्भरी जयंती महोत्सव 2 जनवरी को रखा गया है। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पटेल समाज सभाभवन आमापारा जालमपुर रोड धमतरी में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया गया है।

डॉ अंकिता राखेचा रायपुर, डॉ प्रीति सिन्हा, डॉ अर्चना देवांगन नगरी, डॉ धर्मेंद्र सिन्हा, डॉ हर्ष जैन



डेंटिस्ट अपनी सेवाएं देंगे। शाम 4 बजे युवा मंडल द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकालकर नगर भ्रमण किया जायेगा। शाम 6.30 बजे मां शाकम्भरी की महाआरती नगर घड़ी चौक में होगी।

3 जनवरी को 12 बजे कलशयात्रा नगर में निकलेगी। दोपहर 3 से 5 बजे तक हवन पूजन होगा। प्रतिभा सम्मान, युवक युवती परिचय, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम होगा। इस दौरान भूमिपूजन के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू होंगे। अध्यक्षता संरक्षक बिशेषर पटेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर विजय देवांगन, सगुन पटेल, संजय डागौर होंगे। समापन सत्र के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा होंगे। अध्यक्षता बिशेषर पटेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि सर्व हिन्दू समाज के अध्यक्ष महेश रोहरा, महासचिव अशोक पवार, सगुन पटेल, विजय मोटवानी, नीलेश लुनिया, हेमंत बंजारे होंगे। नगर अध्यक्ष भूषण पटेल, उपाध्यक्ष दिलीप पटेल ने समाजजनों से उपस्थिति के लिए निवेदन किया है। कार्यक्रम की तैयारी में नील पटेल, मदन पटेल, प्रकाश पटेल, मनीष पटेल, बबला पटेल, प्रहलाद पटेल, हेमशंकर पटेल जुटे हैं।







## कर्णेश्वर धाम में 5 से शिवमहापुराण कथा

■ अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक गिरिबापू को सुनने उमड़ेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

कर्णेश्वर धाम में 5 से 13 जनवरी तक 828वीं श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर सिहावा-नगरी अंचल में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया है। शिवमहापुराण कथा का वाचन अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथावाचक गिरिबापू जी महाराज गुजरात द्वारा किया जाएगा। कथा अवधि के दौरान प्रतिदिन विधिवत पूजन-अर्चन, रुद्राभिषेक, हवन, महाआरती एवं भजन-कीर्तन का



आयोजन किया जाएगा। कर्णेश्वर धाम परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बैठक व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश, स्वच्छता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की जा रही है। इस धार्मिक आयोजन में सिहावा-नगरी अंचल सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में शिवभक्तों के पहुंचने की संभावना है। आयोजन का संचालन श्री शिवमहापुराण समिति एवं समस्त सिहावा नगरी क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।




